# जिला भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई

## समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

▶ विधायक विजयपाल सिंह ने सुनीं आमजन की समस्याएं



नवभारत न्यूज
**नर्मदापुरम, 3 जून. जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने क्षेत्र से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.**

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने भूमि विवाद, रोजगार, सड़क, बिजली बिल, अतिक्रमण, सामाजिक सहायता और अन्य जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए. विधायक ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं के समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए.

कार्यक्रम में ग्राम आरी के केशव पासी ने चबूतरा निर्माण, ग्राम खड़ादा भाग-1 के सकल लाल पंडराम ने सामुदायिक भवन निर्माण तथा ग्राम खेरी दीवान के हरिराम आदिवासी ने बीमारी सहायता के लिए आवेदन दिया. वहीं ग्राम पहनवारी के मधुसूदन ने भूमि विवाद और ग्राम बज्जरवाड़ा के बृजेश तुमराम ने दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया. इसके अलावा सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं रखीं.

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय में जनसुनवाई की व्यवस्था जनता की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान का प्रभावी माध्यम है. विधायक ने बताया कि वे नियमित रूप से अपने विधानसभा क्षेत्र और निवास पर भी लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहते हैं.

> विधायक विजयपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन की जायज समस्याओं को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और उनका संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि जनसेवा और नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है तथा भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई इसी उद्देश्य से संचालित की जा रही है.

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी, पुष्पा वर्मा, आरी मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, माखन नगर मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे.

## 5 को होगा तैराकी एवं ट्रायथलान शिविर का समापन

**नर्मदापुरम.** नर्मदा युवा संस्था एवं जिला ट्रायथलान संघ के संयुक्त तत्वावधान में सेठानी घाट पर आयोजित निशुल्क तैराकी एवं ट्रायथलान खेल शिविर का समापन 5 जून को किया जाएगा. समापन समारोह सुबह 7 बजे से सेठानी घाट पर आयोजित होगा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र ट्रायथलान संघ के चेयरमैन एवं विधायक विजयपाल सिंह उपस्थित रहेंगे. नर्मदा युवा संस्था द्वारा पिछले 31 वर्षों से ग्रीष्मावकाश के दौरान सेठानी घाट पर इस निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस वर्ष शिविर में 190 बच्चों ने तैराकी एवं ट्रायथलान खेल की विभिन्न तकनीकों और बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया. संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर से प्रशिक्षित कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं. इनमें हर्षिता तोमर, विश्वजीत कुशवाहा और यश बाथरे प्रमुख हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर नर्मदापुरम और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है. समापन समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा.

# फर्जी फेसबुक आईडी से अश्लील मैसेज-फोटो भेजने का मामला

## सौरभ साहू नाम से बनी फर्जी आईडी की जांच में सुनील राजपूत का नाम सामने आया

नवभारत न्यूज
**नर्मदापुरम, 3 जून. एक युवती को फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील मैसेज, आपत्तिजनक फोटो और कॉल करने के मामले में पुलिस जांच में नगर पालिका के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सुनील राजपूत का नाम सामने आया है.**

साइबर सेल की तकनीकी जांच के आधार पर उसे मामले में नामजद किया गया है. हालांकि एफआईआर में नाम जोड़े जाने के लगभग 15 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने से कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं. पीड़िता के अनुसार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अप्रैल माह में उसे दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से अश्लील कॉल प्राप्त हुए थे, जिससे उसकी परेशानी और बढ़ गई.

### साइबर जांच में मिले तकनीकी सुराग

प्रारंभिक जांच के दौरान देहात थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट और छेड़छाड़ संबंधी धाराओं में जीरो एफआईआर दर्ज की थी. घटना का क्षेत्राधिकार कोतवाली थाना होने के कारण केस डायरी वहां स्थानांतरित कर दी गई.करीब तीन माह तक चली साइबर जांच में फेसबुक आईडी के आईपी एड्रेस और उससे जुड़े मोबाइल नंबरों की पड़ताल की गई. जांच के दौरान प्राप्त तकनीकी जानकारी सुनील राजपूत से संबंधित पाई गई. इसके बाद पुलिस ने एफआईआर में अज्ञात आरोपी के स्थान पर उसका नाम दर्ज किया.

### अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान आए संदेश

इटारसी निवासी पीड़िता 5 फरवरी को स्वास्थ्य खराब होने के कारण नर्मदापुरम के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुई थी. अस्पताल में उपचार के दौरान 14 फरवरी की सुबह उसके फेसबुक मैसेंजर पर 'सौरभ साहू' नाम की आईडी से आपत्तिजनक संदेश भेजे गए. उसी रात एक अन्य फेसबुक आईडी से अश्लील फोटो भी भेजी गई. इसके बाद पीड़िता ने 16 फरवरी को साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई.

### तकनीकी साक्ष्यों के बावजूद गिरफ्तारी नहीं

मामले में तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की पहचान होने और एफआईआर में नाम जोड़े जाने के बावजूद अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है. इससे जांच और कार्रवाई की गति को लेकर सवाल उठ रहे हैं. मामले में संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संबंधित व्यक्ति का मोबाइल फोन बंद मिला.

### क्या कहते हैं पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत की थी कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान सोशल मीडिया पर दो व्यक्तियों द्वारा उससे चैट की गई थी तथा अश्लील संदेश और फोटो भेजे गए थे. उन्होंने बताया कि फेसबुक मैसेंजर आईडी और आईपी एड्रेस की तकनीकी जांच कराई गई थी. जांच में संबंधित डेटा एक्सेस करने वाले मुख्य यूजर के रूप में सुनील राजपूत का नाम सामने आया है. मामले में आगे की जांच जारी है.

## एक नजर में

### मप्र ट्रायथलान संघ की साधारण सभा 6 जून को

**नर्मदापुरम.** मध्यप्रदेश ट्रायथलान संघ की साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक 6 जून को कालिका नगर स्थित प्राइम लैंड होटल एंड रेस्टोरेंट में आयोजित की जाएगी. संघ के सचिव उमाशंकर व्यास ने बताया कि बैठक संघ के चेयरमैन एवं विधायक विजयपाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न होगी. बैठक में प्रदेश के मान्यता प्राप्त 28 जिलों के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल होंगे. विशेष बात यह है कि प्रदेश स्तरीय यह बैठक पहली बार नर्मदापुरम में आयोजित की जा रही है. बैठक में पिछली साधारण सभा की कार्यवाही का अनुमोदन, वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर चर्चा, विगत वर्ष के ऑडिट प्रतिवेदन की स्वीकृति तथा आगामी वर्ष में आयोजित होने वाली राज्य एवं राष्ट्रीय ट्रायथलान प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थलों का निर्धारण किया जाएगा. इसके अलावा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे. संघ के पदाधिकारियों के अनुसार बैठक में प्रदेश में ट्रायथलान खेल के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और आगामी प्रतियोगिताओं की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा.

### प्रियंक कानूनगो 4-5 जून को हरदा दौरे पर

**हरदा.** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो 4 एवं 5 जून 2026 को हरदा जिले के दौरे पर रहेंगे. दौरे के दौरान वे मानव अधिकारों एवं समावेशी विकास से जुड़े विषयों की जमीनी स्थिति का जायजा लेंगे. जारी कार्यक्रम के अनुसार श्री कानूनगो 4 जून को दोपहर 3:30 बजे टिमरनी पहुंचेंगे. यहां वे टिमरनी नदी स्थित **राधाबाई घाट** का निरीक्षण करेंगे. इसके बाद स्थानीय नागरिकों के साथ मानव अधिकारों से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे. श्री कानूनगो हरदा में रात्रि विश्राम करेंगे. 5 जून को सुबह 10 बजे से वे जिले में मानव अधिकारों और समावेशी विकास से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति की व्यापक समीक्षा करेंगे. इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने के साथ जमीनी हकीकत का आकलन भी करेंगे. दौरे के दौरान वे मीडिया प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगे. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री कानूनगो 5 जून को पूर्वाह्न 11:30 बजे हरदा से प्रस्थान करेंगे.

### हम प्रकृति के साथ अपने संबंधो को पुन: स्थापित करें

**पिपरिया / पचमढी.** मप्र जनअभियान परिषद के बेनरतले आयोजित कार्यक्रम में पिपरिया क्षेत्र के स्वयं सेवियों ने सहभागिता दर्ज कराई। मप्र जनअभियान परिषद एवं राज्य आनंद संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं मानव संसाधन विकास आधारित अल्पविराम कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में मप्र जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य का मूल्यांकन तीन प्रकार से किया जाना चाहिये विहंग अवलोकन,सिंह अवलोकन एवं आत्म अवलोकन उन्होने बताया कि विहंग अवलोकन का अर्थ है अपने कार्य को समग्र एवं व्यापक दृष्टिकोण से देखना जिससे उसके प्रभाव ओर दिशा का आंकलन किया जा सके,सिंह अवलोकन का आशय है समय समय पर पीछे मुडकर अपने कार्यो की समीक्षा करना जिससे उपलब्धिया एवं कमियों का पता चल सके,वही आत्म अवलोकन व्यक्ति को स्वयं भीतर झांकने अपने विचारो,व्यवहार एवं कार्यशैली का मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करता है.

# धूप में डटकर किया कर्त्तव्य का निर्वहन

## हजारों वाहनों की आवाजाही के बीच तैनात रहे यातायात कर्मी



**हरदा, 03 जून. शहर में बढ़ती गर्मी और तेज धूप के बावजूद यातायात विभाग के कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। चौराहों और व्यस्त मार्गों पर तैनात यातायात कर्मी घंटों तक धूप में खड़े होकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में जुटे रहते हैं।**

दोपहर के समय तापमान बढ़ने के बावजूद कर्मचारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करते हुए लोगों को नियमों का पालन कराने में लगे रहते हैं। कई स्थानों पर उन्हें धूल, प्रदूषण और गर्म हवाओं का भी सामना करना पड़ता है, फिर भी वे बिना किसी शिकायत के अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि कर्मचारियों के लिए छाया, पीने के पानी और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था की जाए, ताकि वे सुरक्षित माहौल में अपना कार्य कर सकें। यातायात विभाग के अधिकारियों के अनुसार कर्मचारियों को समय-समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने के निर्देश दिए जाते हैं। भीषण गर्मी में भी सड़क पर डटे ये कर्मचारी व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# जनसुनवाई में 21 आवेदनों को निराकरणार्थ विभाग को भेजे

**पिपरिया, 03 जून. जनसुनवाई में 21 आवेदन आये। रामपुर के देवीसिंह रघुवंशी ने बताया कि मनमोद रघुवंशी,सतीश रघुवंशी, अर्जुन गूजर,रामलाल गूजर, केशवसोनी, सुरेश रघुवंशी व अन्य द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर गेंहू लगाकर रास्ता बंद किया।**

देवीसिंह रघुवंशी ने बताया कि मेरा खेत रामपुर में है जिसके आसपास शासकीय भूमि है जिसमें आम रास्ता बना हुआ है। उक्त रास्ते में मनमोद रघुवंशी, सतीश रघुवंशी,अर्जुन गूजर, रामलाल गूजर, केशवसोनी,सुरेश रघुवंशी व अन्य द्वारा अवैध कब्जा कर गेंहू की फसल बोकर रास्ता बंद कर दिया है। जब इनसे रास्ते के संबंध में बात की जाती है तो स्पष्ट कहते है कि हमारा कब्जा कोई नही हटवा सकता उक्त रास्ता बंद हो जाने से कृषको को हमारे खेत तक आने जाने,कृषि यंत्रो को लाने जे जाने में अत्यधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणो ने शासकीय जमीन से अवैध कब्जा हटाये जाने की मांग करते हुए रास्ता चालू कराने की मांग की। जनसुनवाई के दौरान बनखेडी के मुन्ना मौर्य ने राजस्व अभिलेखो में मुन्ना उर्फ दयाचंद मौर्य दर्ज के लिए आवेदन दिया था जो कि आदिनांक तक लंबित था.

## पिपरिया में जलगंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ

**पिपरिया.** मप्र जनअभियान परिषद जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नर्मदा की सहायक नदी सांगली के संर्वेक्षण का काम प्रारंभ किया। नर्मदा की सहायक नदियो में हमेशा पानी भरा रहे इसी चिंतन के साथ मप्र जनअभियान परिषद ने विकासखंड की सबसे बडी नदी सांगली के सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया। जनअभियान परिषद के विकासखंड समंवयक दयाशंकर उमरे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्थाये परामर्शदाता नदी के संर्वेक्षण के कार्य में लगे हुए है। स्वयं सेवी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांगली नदी डोकरीखेडा उदगम स्थल के जलाशय से पहाडियो़ से निकलकर ग्राम डापका आ जाती है.

## नकली खाद की सूचना पर मिलेगा इनाम

**नर्मदापुरम.** शासन द्वारा किसानों के हितों की रक्षा एवं गुणवत्ता युक्त खाद की उचित दाम पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में 'सूचना दाता प्रोत्साहन योजना' लागू की गई है. योजना के तहत उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, नकली या मिलावटी खाद की बिक्री तथा यूरिया के अवैध औद्योगिक उपयोग की सूचना देने वाले व्यक्तियों को 1000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी. उप संचालक कृषि डॉ. रवि कांत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत राज्य एवं जिले का कोई भी नागरिक, किसान अथवा व्यापारी शिकायत दर्ज करा सकता है. विभागीय जांच में सामग्री जब्त होने या दोष सिद्ध होने पर सूचना दाता के बैंक खाते में 1000 की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी.

# विज्ञान विभाग ने की पर्यावरण कार्यशाला

▶ पर्यावरण दिवस पर हुआ आयोजन





**नर्मदापुरम, 03 जून. माखन नगर के माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026 को पर्यावरण सुरक्षा व बचाव पर एकदिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा.**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर अशोक कुमार खंडेल, डायरेक्टर भूमि फार टेक्नोलॉजी वेंचर्स फॉर रिसर्च एंड डेवलपमेंट, भोपाल एवं डॉक्टर संजय मीणा पूर्व दंत शल्य चिकित्सक एवं जिला नर्मदा पुरम महाविद्यालय कार्य प्रमुख माखन नगर होंगे. महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे के मार्गदर्शन में उपरोक्त कार्यशाला आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर आकांक्षा यादव ने आगे बताया कि पर्यावरण बचाओ आधारित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सिर्फ पेड़ लगाना नहीं बल्कि समाज में एक गहरे बदलाव की शुरुआत करना ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्यों को लेकर कार्यशाला आयोजित की जा रही है जिसमें माखन नगर सहित आसपास के समस्त नागरिकों से उपस्थिति हेतु निवेदन किया है. उपरोक्त जानकारी महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉक्टर राजकुमार पटवा द्वारा दी गई एवं निवेदन किया की हम सभी पर्यावरण बचाओ अभियान में अपनी अपनी सहभागिता व सक्रियता सुनिश्चित करें व 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यशाला में उपस्थित हो.

# मिट्टी परिवहन करते डंपर जब्त



**नर्मदापुरम, 03 जून. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है.**

इसी क्रम में खापरखेड़ा रोड पिपरिया क्षेत्र में राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक डंपर को मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया. उक्त डंपर को जप्त कर स्टेशन रोड थाना पिपरिया में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है.संबंधित वाहन के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है. जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सतत निगरानी रखी जा रही है तथा ऐसे मामलों में कठोर कार्यवाही जारी रहेगी.

**सम्मेलन** ▶ कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन मजबूती पर जोर, आंतरिक मतभेद भी आए सामने

# इटारसी में कांग्रेस सम्मेलन, राहुल भैया ने भरा जोश




नवभारत न्यूज
**इटारसी. जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा होटल एक्सप्रेस-11 में आयोजित संवाद एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल भैया' ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया.**

सम्मेलन में जिले और विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.

अपने संबोधन में राहुल भैया ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक और संवैधानिक विचारधारा की प्रतिनिधि है. उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दों को उठाते हुए कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बनने का आह्वान किया.

इटारसी प्रवास के दौरान राहुल भैया ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की स्थिति की जानकारी ली. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत (गुड्डन) पांडे ने उनका स्वागत करते हुए जिले की गतिविधियों से अवगत कराया. उन्होंने पूर्व विधायक अंबिका शुक्ला के निवास पहुंचकर उनसे भी मुलाकात की.

### इटारसी दौरे में कांग्रेस की अंदरूनी कलह उजागर

इटारसी. मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह 'राहुल भैया' के इटारसी प्रवास के दौरान कांग्रेस संगठन की अंदरूनी नाराजगी खुलकर सामने आ गई. कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीना वर्मा ने संगठन में वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा का मुद्दा उठाते हुए जिला नेतृत्व पर सवाल खड़े किए. राहुल भैया ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की स्थिति की जानकारी ली. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत (गुड्डन) पांडे ने उनका स्वागत कर जिले की गतिविधियों से अवगत कराया. इस दौरान पूर्व विधायक अंबिका शुक्ला के निवास पर भी उनकी मुलाकात हुई. बैठक के दौरान मीना वर्मा ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ कांग्रेसियों को संगठन में उचित सम्मान नहीं मिल रहा है. इस पर जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने जवाब देते हुए कहा कि कुछ लोग एक साथ कई पदों की अपेक्षा रखते हैं. दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस की स्थिति बन गई, जिसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने हस्तक्षेप कर शांत कराया. इसके बाद एक निजी रिसोर्ट में आयोजित बैठक में एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने नगर पालिका नर्मदापुरम और इटारसी से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाए. कार्यकर्ता ने दावा किया कि उनके पास आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं. इस पर राहुल भैया ने उन्हें भोपाल आकर विस्तृत जानकारी देने को कहा.

# पत्रकारिता का असली धर्म सकारात्मक सोच

▶ प्रियंक कानूनगों ने पत्रकारों से समसामयिक चर्चा की



नवभारत न्यूज
**नर्मदापुरम, 03 जून. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रियंक कानूनगो बुधवार शाम नर्मदांचल पत्रकार संघ कार्यालय, कोठी बाजार पहुंचे. यहां आयोजित परिचर्चा एवं संवाद कार्यक्रम में उन्होंने पत्रकारों के साथ समसामयिक विषयों पर खुलकर चर्चा की.**

कार्यक्रम की शुरुआत नर्मदांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत के साथ हुई. संवाद के दौरान प्रियंक कानूनगो ने हिंदी और अंग्रेजी पत्रकारिता के बीच के अंतर को रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों की कार्यशैली और प्रभाव क्षेत्र अलग-अलग हैं. पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण बड़ी संख्या में लोग पत्रकारिता से जुड़ रहे हैं. ऐसे में पत्रकारिता के क्षेत्र में नए अवसर भी पैदा हुए हैं और चुनौतियां भी बढ़ी हैं.

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज को जागरूक और दिशा देने का सशक्त माध्यम है.सकारात्मक पत्रकारिता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यही पत्रकारिता का वास्तविक और मूल स्वरूप है. समाज और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों को जिम्मेदारी के साथ उठाना पत्रकारिता का प्रमुख दायित्व है.

परिचर्चा के दौरान पत्रकारों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार और प्रश्न भी रखे, जिनका प्रियंक कानूनगो ने विस्तार से उत्तर दिया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार एवं संघ के पदाधिकारी और क़ानून से जुड़े अधिवक्ता उपस्थित रहे. वहीं गुरुवार को जिला प्रशासन के अधिकारियो के साथ मानव अधिकार और विषयों पर चर्चा की जाएगी.